पत्र सूचना शाखा
(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

लॉक डाउन की सफलता ही कोरोना कोविड–19 का सफल उपचार : मुख्यमंत्री

लॉकडाउन का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए

प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों को अप्रैल, 2020 का निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा

लॉकडाउन से प्रभावित नागरिकों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न आने पाए

ऊर्जा विभाग यह सुनिश्चित करे कि लॉकडाउन की अवधि में इण्डस्ट्रीज से बिजली का फिक्स्ड चार्ज न लिया जाए

सैनिटाइजेशन व फॉगिंग में आवश्यकतानुसार फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का उपयोग किया जाए

गेहूं की सरकारी खरीद 15 अप्रैल, 2020 से, मण्डियों में सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष ध्यान रखा जाए

स्वास्थ्य विभाग की गाइड लाइन्स के अनुसार सोशल डिस्टेंसिंग अपनाते हुए ओ0पी0डी0 संचालित की जाए

प्रदेश सरकार राज्य कर्मचारियों के वेतन में कोई कटौती नहीं करेगी

लखनऊ : 01 अप्रैल, 2020

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा है कि लॉक डाउन की सफलता ही कोरोना कोविड–19 का सफल उपचार है। इसलिए लॉकडाउन का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर कोरोना वायरस कोविड–19 पर नियंत्रण हेतु लागू लॉकडाउन व्यवस्था की समीक्षा हेतु आहूत बैठक में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों को अप्रैल, 2020 का निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। ऊर्जा विभाग यह सुनिश्चित करे कि लॉकडाउन की अवधि में इण्डस्ट्रीज से बिजली का फिक्स्ड चार्ज न लिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य कर्मचारियों के वेतन में कोई कटौती नहीं करेगी।

मुख्यमंत्री जी ने नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लॉकडाउन से प्रभावित नागरिकों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न आने पाए। उनके भोजन व स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आवश्यकता की दशा में उन्हें उपचारित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश में कोरोना के दृष्टिगत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रधानमंत्री जी, गृहमंत्री जी तथा प्रदेश की राज्यपाल जी को उपलब्ध करायी जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अन्य राज्यों से आए लोगों को उनके गांवों में भेजने से पहले जनपद स्तर पर शेल्टर होम्स स्थापित कर क्वारेन्टाइन में रखा जाए। शेल्टर होम्स में सोशल डिस्टैंसिंग का पूरा ध्यान रखा जाए। शेल्टर होम्स में भोजन, पेयजल, दवा आदि की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। नवरात्रि के व्रत रखने वालों को फलाहार उपलब्ध कराया जाए। शेल्टर होम्स में स्वास्थ्य विभाग तथा नगर विकास विभाग की टीम संयुक्त रूप से स्वास्थ्य व सैनिटाइजेशन की व्यवस्था सुनश्चित करें। उन्होंने कहा कि सैनिटाइजेशन व फॉगिंग में आवश्यकतानुसार फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का उपयोग किया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंडी आदि की साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। गेहूं की सरकारी खरीद 15 अप्रैल, 2020 से की जाएगी। इसके दृष्टिगत मण्डियों में सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष ध्यान रखा जाए।

मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी जनपदों में कम्युनिटी किचन का सफल संचालन सुनिश्चित किया जाए। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि मालगाड़ी में कोई भी नागरिक न आने पाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आर्मी मेडिकल कोर व केन्द्र तथा राज्य सरकार के सेवानिवृत्त चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल स्टाफ की सेवाएं ली जाएं तथा उनके भी पास निर्गत किए जाएं। आमजन को चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध हो सकें, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की गाइड लाइन्स के अनुसार सोशल डिस्टेंसिंग अपनाते हुए ओ0पी0डी0 संचालित की जाए। आवश्यकतानुसार फोन के माध्यम से मरीजों को परामर्श दिया जाए। उन्होंने कहा कि पी0पी0ई0 किट व मास्क आदि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी सप्लाई चैन बनायी जाए। कोरोना वायरस कोविड–19 की जांच हेतु टेस्टिंग किट की संख्या बढ़ायी जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में सभी आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा सप्लाई चेन में किसी प्रकार की रूकावट न आने पाए। किराना आदि की दुकानों में जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, जिससे आमजन को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। सभी जनपदों में आवश्यक वस्तुओं की रेटलिस्ट जारी कराकर कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त को निर्देशित किया कि फ्लोर मिलें, तेल मिलें व दाल मिलें स्वास्थ्य विभाग के दिशा–निर्देशों के क्रम में संचालित की जाएं।

पुलिस महानिदेशक ने मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया कि सभी पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को मास्क और ग्लव्स उपलब्ध करा दिए गए हैं।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री आर0के0 तिवारी, अपर मुख्य सचिव वित्त श्री संजीव कुमार मित्तल, अपर मुख्य सचिव सूचना एवं गृह श्री अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक श्री हितेश सी0 अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व श्रीमती रेणुका कुमार, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री श्री एस0पी0 गोयल एवं श्री संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य श्री अमित मोहन प्रसाद, सूचना निदेशक श्री शिशिर सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

——————————

PN-CM-Corona Lockdown Review Meeting-01 April, 2020